1	2	3	4
कृषि यंत्रीकरण	3989	5503	837
शुष्क भूमि कृषि	—	—	58
वृक्षारोपण	37	82	43
मुर्गीपालन	46	96	79
भेड़/बकरी/सूअर पालन	—	—	44
मत्स्य पालन	103	100	347
डेयरी विकास	834	1342	901
भंडारण और मार्केट यार्ड	439	947	974
वानिकी	53	97	86
गोबर गैस प्लांट	5	—	—
कृषि क्षेत्र	2021	3501	3437
अन्य	48	2	—
आई.आर.डी.पी.	2931	2627	2212
योग :	12682	16878	18525

Categorisation of branches of Regional Rural Banks

6883. SHRI E. BALANANDAN: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the Equation Committee on Regional Rural Banks suggested categorisation of branches as per Government order in this regard for Public Sector Banks in tune with National Industrial Tribunal Award;

(b) whether scale-I officers working in scale-II of above branches are not supposed to get officiating allowance as per Government order issued to RRBs;

(c) whether it is a fact that even after categorisation of branches, Rural Banks have not allowed officiating allowance to such officers violating Government Orders; and

(d) what action has been taken by Government against such defaults?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M.V. CHANDRASHEKARA MURTHY): (a) Yes, Sir.

(b to (d) The factual position is being ascertained and will be laid on the Table of the House to the extent available.

देश में बचत-राशि

6884. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री ईश दत्त यादव :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वित्त मंत्रालय द्वारा बचतों को बढ़ाने के लिये किये गये सभी प्रयास सफल नहीं हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) गत दो वर्षों के दौरान बचतों को बढ़ाने के लिये क्या उपाय किये गये हैं ; और

(घ) गत दो वर्षों के दौरान देश में की गई बचतों की कुल धनराशि कितनी है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (घ) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन से प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार सकल घरेलू बचतों में वर्ष 1992–93 में 140635 करोड़ रुपये से वर्ष 1993–94 में 158493 करोड़ रुपये तक 12.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई । अब तक किये गये अनेकों आर्थिक सुधार उपायों में शामिल, पूंजीगत बाजार में सुधार, निजी और नियमित कराधानों में कमी, धारा 80 एल के तहत 13,000 रुपये तक बचत प्रोत्साहन की वसूली करना और सावधि जमा राशियों पर उच्चतर सीमा की ब्याज दर में ऊर्ध्वमुखी समायोजन उपायों से बचतों के कुल स्तर पर अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना की जाती है ।

निधियों को भेजा जाना

6885. **श्री कनक सिंह मोहन सिंह मंगरोला :**

श्री आज मोहम्मद :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन नियमों और विनियमों का ब्यौरा क्या है जिनके अन्तर्गत विदेशों में निधियां भेजे जाने को रोका जा सकता है ; और

(ख) ऐसे नियमों के अन्तर्गत गत दो वर्षों के दौरान उठाये गये कदमों का ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

वित्तीय संस्थाओं में अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण

6886. **श्री ईश दत्त यादव :**
चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सभी वित्तीय संस्थाओं के संबंध में अन्य पिछड़े वर्गों के लिये 27 प्रतिशत आरक्षण कोटे का विज्ञापन दिया जा रहा है;

(ख) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) वित्तीय संस्थाओं द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण के संबंध में जारी सरकारी आदेश का पालन किया जाना सुनिश्चित करने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एल आई सी) ने सूचित किया है कि उन्होंने अन्य पिछड़े वर्ग (ओ.बी. सी.) के लिये आरक्षण संबंधी संघ सरकार की 8–9–93 की हिदायतों के बाद कतिपय पदों की भर्ती के लिये विज्ञापन दिये थे जिनमें उनके लिये आरक्षण नहीं किया गया था क्योंकि हिदायतें उनके कार्यालय में समय पर प्राप्त नहीं हुई थीं । भारतीय रिजर्व बैंक को दिनांक 8–9–93 के सरकारी आदेशों को शीघ्र के अनुरूप, ओबीसी के लिये आरक्षण देते हुये इन रिक्त स्थानों को पुनः विज्ञापित करने को कहा गया था । भारतीय रिजर्व बैंक ने ओबीसी के लिये आरक्षण देते हुये 23–11–94 को विज्ञापन दिया है । एल आई सी के मामले में 8–9–93 के बाद विज्ञापित सभी रिक्त स्थानों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिये कार्पोरेट कार्यालय ने अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को उचित निर्देश जारी कर दिये हैं ।